साइबर सिक्यूरिटी जनजागृति अभियान सफल

सोलापुर, सं. पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर सोलापुर विश्वविद्यालय के कम्प्युटर विभाग तथा पुणे के 'क्विक हील फाउंडेशन' के संयुक्त तत्वावधान में सोलापुर शहर और जिले के स्कूल और कनिष्ठ महाविद्यालयों के छात्रों को साइबर सिक्युरिटी के संदर्भ में जनजागृति अभियान चलाया गया. इस अभियान में विश्वविद्यालय की ओर से 30 हजार 324 छात्रों को यह प्रशिक्षण दिया गया.

30 हजार छात्रों को दी गई जानकारी

1 क्विल हिल फाऊंडेशन और पुण्यश्लोक आहिल्यादेवी होलकर सोलापुर विश्वविद्यालय में सॉफ्टवेयर निर्मिती के संदर्भ में सामंजस्य करार हुआ है. इस करार के माध्यम से प्रतिवर्ष सामाजिक दायित्व निभाने की दृष्टि से सोलापुर शहर और जिले की 78 शालाओं में 161 सेमीनार के माध्यम से साइबर जनजागृति अभियान चलाया गया. इसमें इंटरनेट का इस्तेमाल करते हुए विभिन्न प्रोग्राम या गेम तथा मोबाइल पर विभिन्न एप डाऊनलोड करते समय किस तरह से सावधानी बरतनी चाहिए इस संदर्भ में जानकारी दी गई. इस जानजागृति अभियान के दौरान क्विक हिल फाऊंडेशन की ओर से 22 छात्रों को 1 लाख 81 हजार 300 रुपयों की छात्रवृत्ति भी दी गई.

2 छात्रवृत्ति वितरण समारोह को कुलसचिव डॉ. विकास घुटे प्रमुख अतिथि के तौर पर उपस्थित थे. संगणकशास्त्र विभाग के प्रमुख डॉ. आर. एस. मेंते ने प्रस्तावना तथा अतिथियों का स्वागत किया. समारोह में कुलगुरू डॉ. मृणालिनी फडणवीस ने कहा कि, आज बड़ी संख्या में कम्प्युटरों का इस्तेमाल हो रहा है. लेकिन इसका इस्तेमाल होते समय उचित सावधानी और सुरक्षा बरतना भी काफी अहम हो गया है. इस संदर्भ में अगर छात्र जीवन में ही सूचना मिलें तो आने वाले समय में इस दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा. सूत्रसंचालन अरुंधती मालगे एवं ऐश्वर्या केत ने किया. प्रा. ए. आर. शिंदे ने आभार प्रकट किए.